दून विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति माननीय राज्यपाल महोदय का संबोधन

(09 दिसम्बर 2022)

जय हिन्द!

देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए आज के ये क्षण अत्यन्त गौरव के हैं। आज हम सब के बीच माननीया राष्ट्रपति जी का आगमन हुआ है।

मैं इस देवभूमि में माननीया राष्ट्रपति जी का हार्दिक स्वागत और अभिनन्दन करता हूँ।

आज ऐसा लगता है कि पूरी ब्रह्माण्ड की शक्ति का हमें आशीर्वाद मिल रहा है।

माननीय राष्ट्रपति जी हमारे बीच उपस्थित हैं, आपने हमारे निमंत्रण को स्वीकार किया, इसके लिए मैं पूरी देवभूमि की ओर से आपको धन्यवाद देता हूँ।

हमने इस वर्ष के लिए विश्वविद्यालय में "Rising Naari Shakti" की एक थीम पूरे वर्ष के लिए घोषित की है।

नारी शक्ति के रूप में आज राष्ट्रपति जी की उपस्थिति विश्वविद्यालय के उसी संकल्प के परिणाम को दिखाती है।

भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक नारी शक्ति का होना हमारी बेटियों के सपनों और आकांक्षाओं के साथ –साथ "Yes I Can and I Will" के संकल्प को साकार होने का और हमारी बेटियों के हर बड़े सपने के सच होने को दिखाता है।

इस विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 सुरेखा डंगवाल जी भी उसी संकल्प को साकार कर रही हैं।

आज जिन 36 गोल्डमेडल में से 23 गोल्डमेडल याने 63 प्रतिशत गोल्ड मेडल हमारी जिन बेटियों ने अर्जित किये हैं, वह भी हमारी बेटियों के उसी संकल्प का परिणाम है।

यहां की मीडिया की टीम में कैमरा लिए हुए हमारी बेटियां, NCC की परेड़ करती हुई हमारी बेटियां, हर जगह नारी शक्ति की ताकत दिखाई दे रही है।

हमें गर्व है कि कला, संस्कृति, साइंस, टैक्नॉजी, मैनेजमेंट और ज्ञान के हर क्षेत्र में हमारी बेटियां उद्यम कर रही हैं ।

नये भारत और विकसित भारत के हमारे सपने को सच करने की दिशा में बड़ा योगदान दे रही हैं।

Yes, women can create, nurture and transform का हमारा संकल्प साकार हो रहा है।

बेटियों की हमारी इस कामयाबी के साथ–साथ आज दीक्षान्त के इस अवसर पर मैं उन समस्त छात्र – छात्राओं को बधाई देता हूँ जिन्होने अपने अथक प्रयास, समर्पण एवं कड़ी मेहनत से डिग्रियां और मेडल प्राप्त किये हैं।

उनके माता–पिता और अध्यापकगणों को भी बधाई देता हूँ जिन्होने इन्हे तराशा है।

आज एक उत्सव का अवसर है और इसके साथ ही चिन्तन और मनन का भी अवसर है।

सोचें, आपकी इस सफलता के क्या मायने हैं? आपके माता–पिता, और इस राष्ट्र की आपसे क्या उम्मीदे हैं?

मेरे प्रिय छात्रों,

मुझे पूरा विश्वास है कि आप अपनी शिक्षा और ज्ञान के बल पर राष्ट्र की समृद्धि में एक बड़ा योगदान देंगें।

इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनायेंगे और मानवता की सेवा करेंगे।

दून विश्वविद्यालय ऐसे विद्वानों को तैयार करने की दिशा में काम कर रहा है, यह इसी तरह आगे बढ़ता रहे, यह मेरी हार्दिक शुभकामनाएं हैं।

मैं कुलपति जी को और उनकी पूरी टीम को इस सुन्दर आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं और हार्दिक बधाई देता हूँ।

आज राष्ट्रपति जी के सानिध्य में यहां मुख्यमंत्री जी, शिक्षा मंत्री जी और विशेषरूप से वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० के० कस्तूरी रंगन जी के साथ–साथ अनेक गणमान्य जन उपस्थित हैं।

मैं आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।

देवभूमि आगमन पर राष्ट्रपति जी का आभार प्रकट करता हूँ।

जय हिन्द !